12 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 5/12/2024 11:36 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बीते पांच वर्षों में पिकआवर के दौरान बिजली की डिमांड में 35 फीसदी की बढ़ोतरी



## खबर संक्षेप

### रविशंकर नगर में श्री राम कथा 13 से 22 तक

**कोरबा।** श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन 13 से 22 मई तक पं. रविशंकर नगर में आयोजित किया गया है। कथावाचक श्रद्धेय आचार्य राहुल कृष्ण महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा। 13 मई को दोपहर 3 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। शाम 5 बजे मंगल चरण एवं नाम महिमा, 14 मई को शाम 5 बजे सती चरित्र एवं शिव पार्वती विवाह, 15 मई को श्री राम अवतार के कारण एवं श्रीराम जन्मोत्सव, 16 मई को अहिल्या उद्धार, 17 मई को रामजानकी विवाह महोत्सव, 18 मई को श्रीराम वन गमन, केंवट प्रसंग, भरत मिलाप, 19 मई को दण्डक वन प्रवेश, सीता हरण, हनुमान एवं सुग्रीव से मिलन, 20 मई को भरत चरित्र, 21 मई को सुंदर कांड कथा, श्री राम जानकी अयोध्या आगमन, श्री राम राज्याभिषेक, कथा विश्राम, 22 मई को हवन पूर्णाहूति व भंडारा के साथ कथा का समापन होगा। कथा के आयोजक तुलाराम राठौर, श्रीमती लक्ष्मीबाई राठौर ने श्री राम कथा श्रवण करने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है।

### आत्मानंद स्कूल में रिक्त सीट पर लॉटरी से प्रवेश

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल पंप हाउस में सत्र 2024 -25 के लिए कक्षा पहली में रिक्त 50 सीट, कक्षा दूसरी में रिक्त 2 सीट, कक्षा 6वीं में रिक्त 1 सीट एवं कक्षा 8वीं में रिक्त 2 सीटों पर लॉटरी 15 मई को संपन्न की जाएगी। प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले पात्र अभिभावक प्रातः 10 बजे विद्यालय में उपस्थित होकर लॉटरी की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। पात्र एवम अपात्र आवेदकों की सूची विद्यालय की सूचना पटल पर देखी जा सकती है साथ ही साथ विद्यालय की वेबसाइट पर भी सूची का अवलोकन किया जा सकता है। 13 एवं 14 मई को विद्यालय समय में प्रातः 8 बजे से 1 बजे तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पाम मॉल में निकला सांप, हुआ रेस्क्यू

**कोरबा।** जिले के द पाम मॉल में बीते रात 1 बजे पाम मॉल के बाइक पॉर्किंग में स्कूटी के अंदर सांप को देखा गया। सांप देखने पर सभी लोग भयभीत हो गए और उन्होंने आरसीआरएस को इसकी सूचना दी। टीम आरसीआरएस के सदस्य सागर साहू को तुरंत पाम मॉल भेजा उसने देखा कि सांप घोड़ा करैत है जो बहुत ज़हरीला होता है जो स्कूटी के अंदर घूसा था। सर्प मित्र सागर के द्वारा उस साँप को सफ़लता पूर्वक रेस्क्यू करके जंगल में सुरक्षित छोड़ा दिया।

### सेकेंड एंट्री तक पहुंचने में बनी हुई है समस्या

**कोरबा।** कोरबा स्टेशन का आउटलुक बेहतर करने के लिए करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है लेकिन सबसे बड़ा मसला यही है कि सेकेंड एंट्री तक पहुंचने के लिए जो मुश्किलें पेश आ रही है उनका क्या किया जाए। दरअसल सेकेंड एंट्री के पास ही प्राइवेट कोल साइडिंग शुरू कर दी गई है जिससे कीचड़ और डस्ट से लोग परेशान हो रहे हैं।

### कोदो और माहुल पत्ता प्रसंस्करण से महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

**कोरबा।** विविध वनोपज से महिला समूह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। माहुल पत्ता व कोदो प्रसंस्करण केंद्र का संचालन कटघोरा वन मंडल में सराहनीय है। रायपुर से पहुंचे लघुवनोपज संघ के मुख्य संरक्षक मो. शाहिद ने जिला प्रवास के दौरान कही। कटघोरा वन मंडल कार्यालय पहुंचने के बाद उन्होने कसनिया में चल रहे कोदो प्रसंस्करण केंद्र का दौरा किया। इस दौरान महिलाओं केंद्र चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि प्रसंस्करण केंद्र खुलने से कोदो की अच्छी कीमत मिल रही है। फसल उत्पादन के लिए किसान प्रेरित हो रहे हैं। मुख्य संरक्षक ने महिलाओं से प्रसंस्करण से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी ली।

# जिले में एक और शासकीय कन्या महाविद्यालय खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में एक नया शासकीय गर्ल्स कॉलेज शुरू करने की तैयारी चल रही है। शासन ने जिला शिक्षा विभाग को सर्वे कर प्रस्ताव भेजा है। इसमें कहा गया है कि नगर पंचायत छुरी को केंद्र में रख आसपास के स्कूलों का सर्वे करने और वहां पढ़ने वाले हायर सेकंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स का आंकड़ा जुटाने कहा गया है। एक टीम द्वारा नगर पंचायत छुरी में सर्वे भी किया जा चुका है। चुनाव के कारण प्रक्रिया थम सी गई थी, जिसमें अब तेजी आ रही है। शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर जानकारी का निवेदन किया गया है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद उच्च शिक्षा विभाग को अवगत कराया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने कहा कि शासन के प्रस्ताव के तहत छुरीकला से 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल के दर्ज व उत्तीर्ण बच्चों के संबंध में जानकारी के लिए स्कूल के प्राचार्यों को पत्राचार किया गया है। जिले में एक मात्र मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय संचालित है। जिले में एक और सरकारी गर्ल्स खोलने की तैयारी की जा रही है। नगर पंचायत छुरीकला को चिन्हांकित किया गया है। सर्वे में आसपास के क्षेत्र के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों की दर्ज संख्या का डाटा, प्रस्तावित क्षेत्र के स्कूलों से बोर्ड परीक्षाएं पास करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या का आंकलन किया जाएगा। जिले में प्रतिवर्ष लगभग 15 हजार छात्र-छात्राएं 12वीं की परीक्षा देते हैं। इनमें पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 10 हजार होती है। ऐसे में समझा जा सकता है कि 12वीं परीक्षा पास करने के बाद युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने कॉलेजों में एडमिशन के वक्त कितनी जद्दोजहद करनी पड़ती होगी। जिले में 9 शासकीय सहित 18 महाविद्यालय संचालित हैं। सीट की कमी के कारण क्षेत्र के युवा पढ़ाई के लिए दूर का सफर तय करने मजबूर हो रहे हैं। वर्तमान में छुरी के सबसे नजदीकी उच्च शिक्षण संस्था के रूप में कटघोरा में शासकीय मुकुटधर पांडेय कॉलेज संचालित है।

### नगर पंचायत छुरी में किया गया है सर्वे



**चल रहा सर्वे**

छुरी में गर्ल्स कॉलेज खोलने हेतु शासन के निर्देश मिले हैं जिसके लिए प्रारंभिक स्तर पर सर्वे का कार्य शुरु किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से छुरी और आसपास के स्कूलों से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का डाटा मांगा गया है। उसके बाद आगे की कार्यवाही शुरु होगी।
- श्रीमती साधना खरे, प्राचार्य पीजी कॉलेज

## पांच एकड़ जमीन शासन ने की आबंटित

# जटगा नवीन कॉलेज के लिए जमीन का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हायर सेकंडरी स्कूल जटगा में लगता है नवीन कॉलेज, शैक्षणिक सत्र का तीसरा साल बीतने को है शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार जिनती गंभीर है उतनी ही उदासीन भी है। यह बात जिले में खुलने वाले नए कॉलेजों पर फिट बैठती है। प्रदेश की तत्कालीन भाजपा सरकार ने ऐन चुनाव के वक्त नवीन कॉलेज जटगा की घोषणा तो कर दी थी, लेकिन उसके लिए अब तक जमीन नहीं मिल पाई है।

**खास बात**
- राजस्व विभाग ने जमीन का किया सीमांकन

राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के विस्तार योजना अंतर्गत विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत आने वाले जटगा में नवीन कॉलेज तीन वर्ष पूर्व शुरू किया है। भवन के अभाव में यह कॉलेज हायर सेकेंडरी स्कूल में संचालित हो रहा है। जमीन को लेकर कई बार कॉलेज प्रबंधन व राजस्व विभाग ने कई बार ग्रामीण अंचलों में जमीन के चयन को लेकर कार्यवाही शुरू की, लेकिन कहीं न कहीं वन विभाग की जमीन आने के कारण या पट्टे की जमीन होने की वजह से जमीन चयन को अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा था। चुनाव के पूर्व राजस्व विभाग ने कॉलेज प्रबंधन को जटगा-गुरसिया रोड जमीन का सीमांकन कर उन्हें हैंडओव्हर किया है। जमीन मिलने के बाद अब भवन निर्माण को लेकर आगे की कार्यवाही शुरू की जाएगी। जमीन के अभाव में कॉलेज का अपना भवन नहीं बन पा रहा है। जिसके कारण उस कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को हायर सेकेंडरी स्कूल तुमान में या फिर पं.मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा में आकर पढ़ने मजबूर होना पड़ रहा है।




### नाम जटगा का, क्लास कटघोरा में लगती है

शासकीय नवीन कॉलेज जटगा पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक का पहला कॉलेज है। 3 साल पहले कॉलेज की मंजूरी देते हुए आनन-फानन में सत्रारंभ के बाद भी एडमिशन शुरू करा दिया गया। न तो वहां शिक्षक हैं न ही सीट की अपेक्षा में छात्र। खुद का भवन न होना, कटघोरा में आकर पढ़ाई करना, परीक्षा देना व प्रेक्टिकल करना अभी भी जारी है। यूजी के कला, वाणिज्य व मैथ्स के लिए 90-90-90 सीटों का आवंटन मिला है।

### बंजारी में बन गया भवन

केन्द्र की भाजपा सरकार ने दो साल पहले कोरबा में एक नए मॉडल कॉलेज की सौगात दी थी। जिसके लिए करतला ब्लाक के नवलपुर, बंजारी में जमीन का चिन्हांकन भी हो गया और भवन का निर्माण भी शुरू हो गया है। इसकी पूर्णता अवधि वर्ष 2022 है। यह कॉलेज भवन बनने के बाद ही शुरू होगा। हालांकि नवीन कॉलेज जटगा के भवन निर्माण की राशि पहले से ही मंजूर है, जमीन के अभाव में निर्माण एजेंसी तय नहीं की जा सकी है।

# पीएचई अधिकारी व पुत्र पर अपहरण कर फिरौती मांगने का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बैंगलोर में अध्ययनरत एसईसीएल कर्मी के पुत्र का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में पीएचई के अधिकारी व उसके पुत्र के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले में मानिकपुर चौकी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एफआईआर की कार्यवाही की है।

**खास बात**
- मानिकपुर चौकी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया एफआईआर

एसईसीएल कॉलोनी सुभाष ब्लॉक निवासी संजय कुमार के दो पुत्र हैं, एक शुभम और दूसरा शिवम कुमार। दोनों बैंगलोर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। जहां एमपी नगर निवासी पीएचई अधिकारी वायएम मेहर राज का पुत्र तन्मय यडल्लु 22 वर्ष भी कुछ दिन शुभम के रूम में रहा। 19 सितंबर 2023 को तन्मय ने संजय कुमार के फोन पर काल कर कहा कि तेरे बेटे का किडनैप कर लिया है। 5.5 लाख तेरा बेटा लिया है, उसे दे नहीं तो अच्छा नहीं होगा कहते हुए फोन काट दिया, जिससे संजय सिंह घबरा गया। पुनः फोन करने पर पैसा नहीं देने पर बेटे को मारने की धमकी दी गई। बेटे से बात कराने कहने पर उसी समय मारने, पीटने, चिल्लाने और बेटे के रोने की आवाज आ रही थी। चार घंटे का समय देते हुए पैसे भेजने या तैयार रहने कहा गया। संजय अपने परिचित को लेकर तन्मय के घर आ गया, जहां उसके पिता वायएम मेहर राज से मिला। घटना के बारे में बताने पर वायएम मेहर राज ने बेटे की मांग पूरी कर दो तो वह तुम्हारे बेटे को छोड़ देगा कहने लगा। बेटे को बचाने संजय सिंह ने मानिकपुर चौकी पहुंचकर घटना की शिकायत की। जहां मेहर राज को बुलाकर तन्मय के कब्जे से शुभम को छोडऩे कहा गया। इसके बाद भी शुभम ⏭ शेष पेज 3 पर

# महिला ने दिया एक साथ तीन बच्चों को जन्म, तीनों लड़के



जन्म के बाद तीनों नवजात शिशु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विवाह के 24 साल बाद चंद्रा दंपति के यहां एक साथ तीन संतान की प्राप्ति हुई है और तीनों लड़के हैं।

**खास बात**
- शादी के 24 साल बाद हुई संतान की प्राप्ति

इससे परिवार में खुशी का माहौल है। कुसमुंडा क्षेत्र निवासी पूर्व पार्षद प्रेमा चंद्रा दो बार नगर पालिक निगम की पार्षद रह चुकी है। वर्तमान में उनके पति बसंत चंद्रा पार्षद हैं। 24 वर्ष पूर्व इनका विवाह हुआ था संतान प्राप्ति अब जाकर हुई है। बताया जाता है कि बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में बीते दो माह से प्रेमा चंद्रा दाखिल थी। ऑपरेशन की प्रक्रिया के बाद तीनों पुत्रों का जन्म हुआ। तीनों बच्चे और मां स्वस्थ्य बताए गए हैं। परिजनों ने बताया कि अभी कुछ दिन और अस्पताल में ही रहना पड़ेगा। एक साथ तीन बच्चों के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है।

तेज गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य सुधार को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा काफी गंभीरता बरती जा रही है। तीनों बच्चों को उपचार के लिए सघन जांच में रखा गया है। जन्म के समय बच्चों को होने वाले परेशानियों को लेकर अस्पताल के महिला चिकित्सकों ⏭ शेष पेज 3 पर

### यूजीसी नीट के आवेदन की तिथि बढ़ी

**कोरबा।** यूजीसी नीट-2024 के आवेदन की तारीखें बढ़ा दी हैं। अब 15 मई तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि 10 मई थी। इसके तहत फीस जमा करने की आखिरी तारीख 17 मई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कि ओर से यूजीसी नेट 18 जून को आयोजित की जाएगी। पहले यह 16 जून को होने वाली थी। दरअसल, यूपीएससी सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 16 जून को होनी है। कई अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं में शामिल होना चाहते थे। इसके चलते छात्र विरोध कर रहे थे। जूनियर रिसर्च फेलोशिप सहायक प्रोफेसर की पात्रता के अलावा इस बार पीएचडी में प्रवेश के लिए भी यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। नए नोटिफिकेशन के मुताबिक कैंडिडेट्स 15 मई तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद फीस सब्मिट करने के लिए 17 मई रात 11:59 बजे तक का समय है। फॉर्म में रजिस्ट्रेशन के दौरान जो गड़बड़ियां हों, उनमें 20 मई तक सुधार कर सकते हैं। इस बार से नेट के एग्जाम पैटर्न में बदलाव किया गया है। अब परीक्षा पेन- पेपर मोड में होगी। पहले यह परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाती थी। परीक्षा तीन घंटे की होगी।

# अतिरिक्त कोच के बाद भी नहीं कम हो रही वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समर एक्सप्रेस चलने और फास्ट पैसेंजर यात्री गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाने के बाद भी यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। लंबी वेटिंग सभी यात्री गाड़ियों में चल रही हैं।

**खास बातें**
- सीधी यात्री ट्रेन सुविधा नहीं होने से परेशान हो रहे शहर के यात्री
- फुल चल रही अन्य प्रदेश जाने वाली यात्री गाड़ियां

अन्य प्रदेश में जाने वाली गाड़िया फुल चल रही है। जिले से उत्तर भारत क्षेत्र की ओर जाने वाली एक भी यात्री ट्रेन से नहीं होने के कारण आम यात्रियों को यात्री सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि जिले से अन्य प्रदेशों की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या सर्वाधिक है।

शिवनाथ एक्सप्रेस डोंगरगढ़ जैसी गाड़ियां अपने निर्धारित समय पर नहीं चल रही है। वहीं दूसरी ओर बिलासपुर से कटनी रोड की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाने के बावजूद वेटिंग कम नहीं हो रही है। लंबी दूरी का सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म टिकट ही नहीं मिल पा रही है। यात्री गड़ियों में भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रबंधन ने अपनी ओर से समर एक्सप्रेस का संचालन तो शुरू किया है, लेकिन वह भी फुल चलने लगी है। स्थिति यह है कि समर एक्सप्रेस यात्री गाड़ियों में भी सुविधाजनक सीट यात्रियों को उपलब्ध नहीं हो पा रही। जिले से उत्तर भारत जाने वाले यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलना अब कठिन हो गया है। भीड़ को देखते हुए कटनी रूट में जाने वाली बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा दी गई है वह भी पहले दिन से ही फुल हो गई। इसी तरह नर्मदा एक्सप्रेस, ⏭ शेष पेज 3 पर



### उसलापुर से यात्री ट्रेन पकड़ने की मजबूरी

उत्तर भारत की ओर जाने वाली सभी गाड़ियां सारनाथ एक्सप्रेस, बेतवा एक्सप्रेस, गरीब रथ, नौतनवा एक्सप्रेस सहित सभी समर एक्सप्रेस उसलापुर से रवाना होती है। जिसकी वजह से जिले से जाने वाले यात्रियों को बिलासपुर जाना पड़ता है और फिर वहां से उसलापुर ऑटो में जाने की मजबूरी होती है। कभी कभार स्थिति यह होती है कि यहां कोरबा रेलवे स्टेशन से जाने वाली गाड़ियां लेट हो जाती है, जिससे यात्रियों को ट्रेन छूटने की घटना का सामना करना पड़ता है। कई बार स्थिति यह हो जाती है कई यात्रियों की स्टेशन मास्टर से बहस हो जाती है।

### दलालों की चंगुल में तत्काल टिकट

तत्काल टिकट भी इस समय दलालों के चंगुल में फंस गया है। टिकट दलाल के एजेंट सुबह से ही रिजर्वेशन काउंटर में ही खड़े हो जाते हैं। जैसे ही खिड़की खुलती है जिन यात्रियों को टिकट मिलने की उम्मीद रहती है वे लाईन में ही खड़े रहते हैं और सीट बुक हो जाती है। स्थिति यह है कि यात्री बैरंग लौटने को मजबूर हैं। दलालों के चंगुल से आरक्षित टिकट काउंटर के मुक्त नहीं होने के कारण आम यात्री अब तत्काल टिकट लेना भी मुनासी नहीं समझता। रेलवे सुरक्षा बल का एक व्यक्ति भी रिजर्वेशन काउंटर में मौजूद नहीं रहता। यही कारण है कि दलाल एजेंट के आदमियों से यात्रियों की बहस होते रहती है।

## महाराष्ट्र में आयोजित थी नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# 80 वर्षीय राय ने नेशनल वेटरंस गेम में हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

80 वर्ष आयु के बुजुर्ग दृश्य मन में आते ही निःशक्त व्यक्ति की तस्वीर सामने आ जाती है लेकिन इस अवधारणा को बुजुर्ग बीएल राय ने मिथक साबित किया है। उन्होंने हाल ही में मास्टर एथलेटिक्स आफ महाराष्ट्र द्वारा विद्या विहार पूर्व मुंबई में 43वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शामिल होकर मैन 75 प्लस में लांग जंप में भाग लिया। राय ने लांग जंप में 2.84 मीटर जंप लगाकर चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे। जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बी एल राय।

एमपी नगर निवासी बी एल राय बालको के सेवानिवृत्त कर्मी व सृष्टि मेडिकल कालेज में स्पोर्ट्स टीचर तथा बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ के सदस्य हैं। 80 वर्षीय श्री राय में खेल के प्रति आज भी जुनून है। जहां कहीं भी मास्टर एथलिट आयोजित होती है वहां वे भाग लेने पहुंचते हैं। मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में जहां हर उम्र व आयु वर्ग के करीब ढाई हजार से अधिक खिलाड़ी देशभर से पहुंचे थे। वहीं वेटरन खिलाडिय़ों की संख्या भी कम नहीं थी। छत्तीसगढ़ से संभवतः वे एकलौते खिलाड़ी थे जिन्होंने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीतने में सफल रहे। श्री राय ने बताया कि अगले जून में अयोध्या में मास्टर एथलीट आयोजित होने वाली है जिसमें भाग लेने की तैयारी में जुटे हुए हैं। मेडल जीतकर वापस लौटने पर एमपीनगर कालोनी में रहने वाले बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ के पदाधिकारियों ने उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी कई गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। बालको से सेवानिवृत्त होने के बाद वे खेल शिक्षक के रूप में विभिन्न निजी शिक्षण संस्थाओं में सेवाएं देते रहे हैं। वर्तमान में सृष्टि मेडिकल कालेज में स्पोर्ट्स टीचर के रूप में सेवा दे रहे हैं। बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ व सृष्टि मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि वे किसी तरह का नशा पान नहीं करते हैं। उन्हें अगर कोई नशा है तो केवल खेलने का। देश के किसी भी कोने में वेटरंस टूर्नामेंट होने की सूचना पर वे उसमें शामिल होना चाहते हैं, जिसकी वजह से वे फिट हैं। यूं कहें कि यह नशा ही उनकी फिटनेश का राज है तो कोई गलत नहीं होगा।

# दुष्कर्म के आरोपी को मिली 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दुष्कर्म के एक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी युवक को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया है तथा 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। घटना फरवरी 2023 की बताई जा रही है। कोरबा में रहने वाले एक युवती अपनी सहेली के साथ कनकी मेला गई थी। मेले में उसकी मुलाकात चंदन विश्वकर्मा नाम के युवक से हुई थी। दोनों एक-दूसरे से बातें करने लगे थे। युवक का युवती के घर आना-जाना भी था। मार्च 2023 को युवती घर में अकेली थी। इस बीच चंदन उसके घर पहुंच गया। उसने युवती से जोर जबरदस्ती का संबंध बनाया और घटना की जानकारी परिवार वालों को देने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी युवती ने कई दिनों तक परिवार से जानकारी छिपाई। इस बीच युवक उसे परेशान करता रहा कि घटना की जानकारी माता-पिता को दी। पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। इसकी सुनवाई कोरबा के फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी। न्यायाधीश ने चंदन को दोषी ठहराते हुए 10 साल कैद में रखने की सजा सुनाया।

**खास बात**
- कनकी मेला में हुई थी मुलाकात

12 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 5/12/2024 10:50 PM Page 1





# 'द एंटरटेनर्स टूर' की हो चुकी है तैयारी, अक्षय करेंगे मेजबानी

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार 'द एंटरटेनर्स टूर' की मेजबानी करेंगे, जो इस साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगा और इसमें शोबिज की दुनिया की कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी। पिछला सीजन 2023 में उत्तरी अमेरिका में हुआ था। इस साल यह अगस्त 2024 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। वर्ल्ड टूर का दूसरा सीजन मेलबर्न और सिडनी में होगा। अक्षय के साथ नोरा फतेही, दिशा पटानी, सुनील ग्रोवर, एलनाज नोरौजी, सोनम बाजवा और स्टेबिन बेन जैसी हस्तियां शामिल होंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय की हाल ही में टाइगर श्रॉफ के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। वह जल्द ही 'सरफिरा', 'जॉली एलएलबी 3', 'हाउसफुल 5' और 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे।

## लाइफ Style

# करीना कानूनी पचड़े में फंसी



एजेंसी ⏭ मुंबई

जानकारी के मुताबिक, बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की मुश्किलें बढ़ सकती है। हाईकोर्ट ने करीना को नोटिस जारी किया है। उनकी किताब के टाइटल को लेकर आरोप लगाए गए हैं कि एक्ट्रेस ने किताब के नाम में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल कर ईसाई समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है।

एक्ट्रेस ने जुलाई 2021 में अपनी किताब 'करीना कपूर खान्स प्रेग्नेंसी बाइबल' को लॉन्च किया था। अब इस किताब के नाम को लेकर वो कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। एक वकील ने किताब के टाइटल में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई और एक्ट्रेस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। ऐसे में करीना को कोर्ट से नोटिस भेजा गया है। जबलपुर सिविल लाइन निवासी क्रिस्टोफर एंथोनी ने हाईकोर्ट में करीना कपूर खान के खिलाफ मामला दायर कर उनपर आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

क्रिस्टोफर एंथोनी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि करीना कपूर खान ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की मंशा से किताब को लिखा है। किताब के कवर पर 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल आपत्तिजनक है। एंथोनी की याचिका के बाद जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया की सिंगल-जज बेंच ने करीना कपूर खान को नोटिस भेज दिया है। याचिका में किताब एंथोनी ने इस किताब पर बैन लगाने की मांग भी की है। ऐसे में कोर्ट ने किताब बेचने वाले सेलर्स को भी नोटिस भेजा गया है। बताया जा रहा है कि 1 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होना संभावित है।

## हॉलीवुड मसाला

# मोहम्मद रसूलोफ को लगा तगड़ा झटका



**लॉस एंजिलिस।** असंतुष्ट ईरानी निर्देशक मोहम्मद रसूलोफ को ईरानी अदालत ने आठ साल की जेल की सजा के साथ-साथ जुर्माना, उनकी संपत्ति जब्त करने और कोड़े मारने की सजा सुनाई है। रसूलोफ के वकील बाबाक पकनिया ने एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। पकनिया ने कहा कि फैसला इस्लामिक रिवोल्यूशन कोर्ट की 29वीं शाखा द्वारा जारी किया गया था और आइना कोर्ट ऑफ अपील्स की 36वीं शाखा में इसकी पुष्टि की गई थी। कनिया के अनुसार, अदालत ने पाया कि रसूलोफ के सार्वजनिक बयान, साथ ही उनकी फिल्में और वृत्तचित्र देश की सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने के इरादे से मिलीभगत के उदाहरण थे।



# एकेडमी म्यूजियम मनाएगा भारतीय सिनेमा के संगीत का जश्न

**लांस एंजिलिस।** एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए तीन भारतीय फिल्मों 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) को चुना गया है। कला, विज्ञान और फिल्म निर्माण के कलाकारों को समर्पित एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एकेडमी म्यूजियम ने अपने नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में, 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) की संगीत महारत का जश्न मनाने वाले एक कार्यक्रम की घोषणा की। इस एलान ने संगीत प्रेमियों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।



# 7 घंटे तक एक ही जगह बैठी रहीं एक्ट्रेस


**नई दिल्ली।** मनीषा कोराइला ने अपने करियर की शुरुआत साल 1991 में आई फिल्म 'सौदागर' से की थी। करियर की पहली ही फिल्म में उन्होंने अपने टैलेंट और अपनी खूबसूरती से लोगों का दिल जीत लिया था। इन दिनों वह भंसाली की सीरीज हीरामंडी में मल्लिका जान की भूमिका में नजर आ रही हैं। इस रोल के लिए एक्ट्रेस ने जी तोड़ मेहनत की है।उन्होंने बताया कि सीरीज के एक सीन के लिए जिसमें उन्होंने हाथों में मेहंदी लगाई हुई है। इस एक सीन के लिए वह सात घंटे तक एक ही जगह बिना हिले बैठी रही थी। क्योंकि वह इस सीन परफेक्ट करना चाहती थीं और उस किरदार के बारे में जानना चाहती थीं और उसे समझना चाहती थी। मनीषा ने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान तो मैं समझ ही नहीं पा रही थीं कि क्या मैं इतने घंटे तक काम कर पाऊंगी।



# मन से ऐसे निकला गरीबी का डर

**नई दिल्ली।** अनुपम खेर ने बताया कि वह गरीब परिवार से थे। छोटे से कमरे में 14 लोग रहते थे। उस वक्त उनके दादाजी ने गरीबी के बारे में कुछ ऐसा बताया कि अनुपम के मन से सारे डर दूर हो गए। अनुपम खेर को इस इंडस्ट्री में 40 साल हो गए हैं। फिल्मों में अपनी जगह बनाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया। वह एक साधारण और सीमित आय वाले परिवार से थे। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि जब वह गरीबी के दिन गुजार रहे थे तो उनके दादाजी ने क्या सीख दी थी। अनुपम खेर उसे आज भी नहीं भूले हैं। अनुपम खेर ने एक बातचीत में जिंदगी के कई उतार-चढ़ावों पर बात की। उन्होंने बताया कि अपने मन से गरीबी का डर कैसे दूर निकाला। अनुपम खेर बोले, मेरे दादाजी पंडित अमरनाथजी ने मेरे जहन से गरीबी का डर निकाल दिया था। छोटे से कमरे में हम 14 लोग रहते थे।

## टीवी मसाला



# टीवी एक्ट्रेस का प्राइवेट वीडियो लीक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के दौर में आए दिन सेलेब्स की प्राइवेट पिक्चर्स और फोटोज लीक होती रहती हैं, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। वहीं, अब कन्नड़ इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस ज्योति रॉय को लेकर भी ऐसी खबर सामने आ रही है। इंटरनेट पर साउथ एक्ट्रेस का इंटीमेट वीडियो वायरल हो गया है, जिससे उनके फैन्स काफी गुस्से में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूजर्स द्वारा एक्ट्रेस के कई वीडियोज और प्राइवेट फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल की गईं। इसके बाद अनजान शख्स ने एक्ट्रेस से ये भी कहा कि वो उनका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर देगा। एक पॉपुलर और सम्मानित एक्ट्रेस के साथ ऐसा होता देख कर उनके फैन्स काफी अपसेट नजर आ रहे हैं। फैन्स ने उन लोगों के खिलाफ एक्शन की मांग की है, जिन्होंने एक्ट्रेस की प्राइवेसी भंग करने की कोशिश की है। कुछ लोगों सोशल मीडिया पर बेंगलुरू पुलिस को टैग करते हुए जल्द से जल्द केस की जांच की मांग कर रहे हैं। ज्योति रॉय कन्नड़ इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम हैं। एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत फिल्मों से की थी, लेकिन फिर कुछ समय बाद उन्होंने टीवी इंडस्ट्री की ओर कदम बढ़ाया। अब तक के एक्टिंग करियर में वो 20 से ज्यादा शोज में काम कर चुकी हैं। उन्हें अपने फेमस कैरेक्टर बंदे बारतवा काला के लिये जाना जाता है। इसके अलावा उन्होंने सीतारामा कल्याणा, गंधादा गुड़ी, 99 और दीया वर्णपतला जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

# छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार हैं राज अनादकट

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में टप्पू के किरदार से घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता राज अनादकट बीते दो साल से छोटे पर्दे से दूर चल रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है



कि वे जल्द ही टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने एक यूट्यूब व्लॉग में खुलासा किया कि वे जल्द ही एक नए शो में नजर आन वाले हैं। इसमें उनके साथ सना अमीन शेख भी दिखेंगी। हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने आगामी गुजराती शो के लिए पर बात करते हुए बताया कि इस शो में वे मुख्य किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस शो के लिए उत्साहित होने के साथ ही थोड़ा घबराए हुए भी हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि वे आगामी शो के सेट पर भी गए थे और जल्द ही अपने व्लॉग पर इसकी एक झलक साझा करेंगे। उन्होंने लोगों से वैसा ही समर्थन देने की अपील की जैसा उन्हें टप्पू के रोल में मिला था।

## क्रांति फिल्म ने तोड़ दिया था शोले का रिकॉर्ड

# फिल्म बनाने के लिए बेच दिया था घर और जमीन



**नई दिल्ली।** कई सालों से जब भी किसी देशभक्ति फिल्म का नाम लिया जाता है तो सबसे पहले जिस एक्टर का नाम आता है वो हैं मनोज कुमार। मनोज कुमार ने शहीद, पूरब और पश्चिम जैसी कई शानदार फिल्में दी हैं। आज भी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम किसी ना किसी चैनल पर आती हुई आपको दिख जाएगी। लोग उसे आज भी बहुत ही खुशी से देखते हैं। मनोज ने भारत में अपनी इमेज भारत कुमार के नाम से बना ली थी। लेकिन मनोज कुमार की सबसे करीबी प्रोजेक्ट 1981 में आया, जब उन्होंने क्रांति एक पीरियड एक्शन ड्रामा बनाना शुरू की। ये फिल्म तो हिट रही थी, लेकिन इसे बनाने के लिए उनका घर और जमीन सब बिक गई थी।

क्रांति को मनोज कुमार ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा था। ये फिल्म करीब 3 करोड़ में बनकर तैयार हुई थी। उस समय के हिसाब से 3 करोड़ की रकम बहुत ज्यादा है। जब इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई तो फाइनेंसर और प्रोड्यूसर्स पीछे हट गए थे, जिसके बाद मनोज कुमार के पास कोई ऑप्शन नहीं बचा था। उन्हें खुद फिल्म को प्रोड्यूस करना पड़ा था।

मनोज कुमार फिल्म के लिए पैसा अरेंज करने में बहुत परेशान हो गए थे। उन्होंने फिल्म के लिए अपना दिल्ली वाला बंगला बेच दिया था। जब उस पैसे से भी काम नहीं बना तो मुंबई में अपने प्लॉट को भी बेच दिया था। रिपोर्ट्स की माने तो मनोज कुमार ने रिटायरमेंट के बाद मूवी थिएटर बनाने का प्लान किया था, लेकिन क्रांति के लिए उन्होंने अपना सपना छोड़ दिया था। इस फिल्म में खुद मनोज कुमार, दिलीप कुमार, शशि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और परवीन बाबी अहम किरदार निभाते नजर आए थे. ये फिल्म फरवरी 1981 में रिलीज हुई थी। क्रांति फिल्म रिलीज होने से पहले सेंसेशन बनी हुई थी। इस फिल्म से दिलीप कुमार पांच साल बाद वापसी कर रहे थे। इस फिल्म की शानदार ओपनिंग हुई थी और सक्सेसफुल हुई थी। क्रांति ने इंडिया में 10 करोड़ और वर्ल्डवाइड 16 करोड़ का कलेक्शन किया था। क्रांति ने शोले का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया था।



# क्रिकेटर की पत्नी बनीं और छोड़ी इंडस्ट्री, चौपट हुआ एक्टिंग करियर

**मुंबई।** पर्दे पर 'प्रीति सभरवाल' बन लोगों के दिलों पर छा जाने वालीं एक्ट्रेस सागरिका घाटगे अब क्रिकेटर जहीर खान के दिल पर राज कर रही हैं। क्रिकेटर की पत्नी बनने के बाद उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। कहा गया गैरधर्म में शादी की वजह से उनका करियर चौपट हो गया है। एक्ट्रेस ने इस मामले पर अब सालों बाद चुप्पी तोड़ी है बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री का नाता नया नहीं है। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने क्रिकेटर्स में अपने प्यार की तलाश की और उन्हें अपना हमसफर भी चुना। गीता बसरा, अनुष्का शर्मा, अथिया शेट्टी, हेजल कीच सहित कई एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने किसी एक्टर से नहीं, बल्कि क्रिकेटर से शादी रचाई है। लेकिन 38 साल की सागरिका घाटगे ने अपनी पहली फिल्म को करने के बाद ही इंडस्ट्री से विदा ले लिया था। साल 2017 में सागरिका घाटगे ने क्रिकेटर जहीर खान से शादी की थी और शादी के बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली। 2020 के बाद वह किसी प्रोजेक्ट्स में नजर नहीं आई हैं। तब दावा ये किया गया कि उन्होंने पति की वजह से ये दूरी बनाई है। शादी के 7 साल बाद उन्होंने इन मामले बात की। उन्होंने कहा, मुझे मेरे पति ने काम के लिए कभी नहीं रोका। ये पूरी तरह से गलत बात है। वह बहुत सपोर्टिव हैं। मैं जो भी करती हूं उसमें वो मेरा हमेशा बेस्ट चाहते हैं। सच तो ये है कि वो मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर हैं। उन्होंने कहा कि शादी के वजह से नहीं, बल्कि सच्चाई ये है कि उन्होंने काम के लिए मुझे हमेशा मोटिवेट किया है।

### अब संभाल रही हैं बिजनेस

*जहीर खान की खूबियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं, जो निगेटिव विचारों को बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि वह फिल्मों को भले छोड़ चुकी हों, लेकिन काम करना उन्होंने नहीं छोड़ा है। उन्होंने बताया कि वह अब अपना बिजनेस संभाल रही हैं।*

# बॉलीवुड में साउथ की इन ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बन सकते हैं रीमेक

*मुंबई। पिछले कुछ समय में बॉलीवुड में कई साउथ इंडियन फिल्मों के रीमेक ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है। दमदार कंटेट, नया फिल्म निर्माण और यादगार किरदारों से शुरू होकर, दक्षिण सिनेमा एक खजाना रहा है। पिछले कुछ सालों में साउथ की कई फिल्मों ने पूरे भारत और उसके बाहर के दर्शकों का ध्यान खींचा है, और फिल्म इंडस्ट्री पर अमिट छाप छोड़ी है। वैसे भी बॉलीवुड की ख्वाहिश हमेशा ही साउथ सिनेमा की फिल्मों को हिंदी बनाने में होती है। बहरहाल, यहां हम उन्हीं फिल्मों के बारे में बात कर रहे हैं जिनके बॉलीवुड में रीमेक बन सकते हैं। यहां उन साउथ इंडियन फिल्मों की क्यूरेटेड लिस्ट है।*

## अक्षय कुमार- अजय देवगन जैसे स्टार दिखा सकते हैं कमाल

### जेलर



तमिल ड्रामा में रजनीकांत एक कठोर लेकिन दयालु जेलर की मुख्य भूमिका में हैं, जो एक गिरोह को रोकने के लिए निकलते हैं जब वे अपने नेता से भागने की कोशिश करते हैं। अगर इस ब्लॉकबस्टर ड्रामा को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाए तो यह सस्पेंस और थ्रिलर के तत्वों के साथ एक सीरियस क्राइम ड्रामा हो सकता है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि संजय दत्त को रजनीकांत की जगह पर कदम रखते हुए देखा जाएगा जबकि सिद्धांत चतुर्वेदी उनके बेटे की भूमिका निभा सकते हैं। फिल्म की कहानी एक सख्त और सिद्धांतवादी जेलर के जीवन के इर्द-गिर्द घूम सकती है जो खुद को जेल सिस्टम के भीतर भ्रष्टाचार, सत्ता संघर्ष और नैतिक दुविधाओं के जटिल जाल में उलझा हुआ पाता है।



### लियो

लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'लियो' को लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स कहा जाता है, जिसमें थलपति विजय, तृषा कृष्णन और अर्जुन सरजा मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब अगर फिल्म को बॉलीवुड में जगह मिल गई तो क्या होगा? कहानी में अपनी गहराई और आयाम जोड़ते हुए, विजय के रूप में मुख्य भूमिका के लिए अक्षय कुमार, तृषा के रूप में करीना कपूर और अर्जुन सरजा के रूप में जावेद जाफरी सही ऑप्शन हो सकते हैं।

### पुष्पा

अल्लू अर्जुन की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म सिर्फ दक्षिण में ही लोकप्रिय नहीं है। यदि 'पुष्पा' को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाता है, तो किसी भी स्टार के बारे में अनुमान लगाने से बच नहीं सकता है जो उनके किरदार के साथ न्याय कर सके। रणवीर सिंह एक ऐसे अभिनेता हैं जो किरदार में अपना अलग स्वभाव ला सकते हैं। रश्मिका मंदाना का किरदार कियारा आडवाणी पर सूट करेगा।





### कंतारा

ऋषभ शेट्टी की ये फिल्म दक्षिण कन्नड़ के काल्पनिक गांव पर आधारित एक कहानी है जो मनुष्य और प्रकृति के बीच वैचारिक संघर्ष को दर्शाती है। फिल्म में देश की परंपरा और संस्कृति में अहंकार की लड़ाई घूमती रहती है। 'कंतारा' के बॉलीवुड रीमेक को लेकर चर्चा जारी है, ऐसे में फिल्म की कास्टिंग के बारे में जानना दिलचस्प होगा। अजय देवगन, जिन्होंने पहले 'दृश्यम' और 'सिंघम' जैसी विभिन्न दक्षिण सिनेमा रीमेक में मुख्य भूमिका निभाई है, 'कांतारा' में भी लीड अभिनेता के रूप में एक अच्छे विकल्प होंगे।

## खबर संक्षेप



### गोदाम से एलईडी टीवी चोरी करने के मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम से दो एलईडी टीवी की चोरी के मामले में पुलिस ने चोर व चोरी का सामान खरीदने वाले व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार ममता सेल्स फर्म के नाम से होली क्रॉस स्कूल के पीछे इलेक्ट्रॉनिक दुकान की संचालित है। दुकान के गोदाम में स्टॉक मिलान के दौरान दो नग एलईडी टीवी गायब मिले ऐसे में व्यवसायी के मैनेजर सुभासनगर निवासी बसंत कुमार पाठक ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। जांच के दौरान सीसीटीवी में एक टाटा मैजिक वाहन में दो नग एलईडी टीवी चोरी करते युवक नजर आया। पुलिस ने संदेह के आधार पर गांधीनगर तुर्रापानी निवासी 30 वर्षीय सुकेश कुमार नायक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बताया कि उसने 18 अप्रैल की रात गोदाम में घुसकर दो नग एलईडी टीवी की चोरी टाटा मैजिक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 7573 से की है और उसमें से एक एलईडी टीवी को उसने सत्तीपारा स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक आदित्य कुमार शर्मा को बेच दिया है। पुलिस ने मामले में व्यवसायी मिशन चौक निवासी आदित्य शर्मा को हिरासत में लेकर उसके पास से चोरी का एलईडी टीवी बरामद किया जबकि दूसरा टीवी आरोपी सुकेश नायक के पास से बरामद किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन व टीवी को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 411 के तहत कार्रवाई की है।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर सरगुजा पुलिस ने पुनः कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एसपी के निर्देश पर सोशल मीडिया पर महिलाओं व



बच्चों की अश्लील वीडियो, फोटो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी एनसीआरबी दिल्ली से प्राप्त साइबर टीप लाईन के आधार पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में सोशल मीडिया पर नाबालिग बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की गई हैं। उयदपुर पुलिस ने झिरमिटी निवासी 24 वर्षीय रुस्तम को चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व सिम जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 509(ख), 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत कार्रवाई की है।

### अस्पताल से दो बाइक चोरी आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अंदर से एक साथ दो बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा अमलभिट्ठी निवासी महादेव नामक युवक 11 मई को अपने परिजन से मिलने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 04 डीवी 9132 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल आया था इस दौरान उसने अपनी बाइक महिला वार्ड के गेट के सामने खड़ी की थी और जब वह परिजन से मिलकर लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। इसी तरह जरहागढ़ निवासी समीर खान 11 मई को अपनी बाइक सीजी 15 डीएम 6864 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया था और बाइक को महिला वार्ड पानी टंकी के सामने खड़ा किया था। इस दौरान युवक की बाइक भी चोरी हो गई। दोनों युवकों द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महामाया पहाड़ हाथी पखना निवासी 23 वर्षीय छोटू चौधरी को हिरसात में लेकर पूछताछ की गई तो उसने दोनों बाइक चोरी करने और उन्हें बेचने के लिए छिपाकर रखने की बात स्वीकार की है।

## पुरी ओड़िसा से पहुंचे पुजारियों ने विधि-विधान से किया पूजा पाठ

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गोकुल नगर में भगवान जगन्नाथ की प्राण-प्रतिष्ठा



मंदिर में स्थापित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की प्रतिमा।



कार्यक्रम में शामिल उद्योग मंत्री एवं आचार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड क्रमांक 31 गोकुल नगर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 10 मई को भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भ्राता बलभद्र और भगिनी सुभद्रा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की मूर्ति को ओड़िसा से लाया गया है। ओड़िसा पुरी से पहुंचे पुजारी संजय नंद शर्मा के सानिध्य में विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई गई। मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आयोजन की सराहना की। इसके एक दिन पूर्व 9 मई को मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकली गई। जिसमें कॉलोनी की महिलाएं व युवतियां शामिल हुईं। सभी पूजन कार्यक्रम बालेश्वर पुरी ओड़िसा से आए पुजारी संजय नंद शर्मा, सुधांशु शेखर नंदा, मुकेश कुमार पाठक व वृंदावन से पहुंचे भागवत कथा प्रवक्ता आशुतोष कृष्णा ने सम्पन्न कराया। पूजन के बाद भोग प्रसाद का वितरण किया गया। कालोनी के सभी सदस्यों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन में हाउसिंग बोर्ड कालोनी के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इसके पूर्व हनुमान जयंती के दिन 23 अप्रैल को मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हनुमान जी की मूर्ति की भी प्राण-प्रतिष्ठा पूरे विधि-विधान से कराई गई।

**खास बात**

- भव्य कलश यात्रा के साथ समारोह का हुआ शुभारंभ

# सेजस मदनपुर रजकम्मा विद्यालय का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत







**कटघोरा।** स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर रजकम्मा का इस वर्ष हाई स्कूल सर्टिफ़िकेट परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कु.भूमिका खांडे 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्यन खांडे और कु.श्वेता अहीर क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान में रहे। विद्यालय में दर्ज 35 छात्र-छात्राओं में से 34 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए, जिसमें सभी सफल रहे। 10 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 21 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणीऔर 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। भूमिका खांडे ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन, स्नेहपूर्ण व्यवहार को दिया। सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य राजीव जोगी, परीक्षा प्रभारी विनोद जायसवाल, पुष्पक साहू, कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू, कल्पना कुजुर, जनपद सदस्य नीलेश यदु, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा यदु, पूर्व सरपंच सत्यनारायण ध्रुव ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### सरस्वती शिशु मंदिर गेवरा परियोजना का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेवरा परियोजना का बोर्ड परीक्षा का परिणाम हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं में अंकिता तिवारी, 92.66 प्रतिशत, आंशी पाठक 89.5 प्रतिशत, सिया कैवर्त 89.5 प्रतिशत, गरिमा यादव 85.5 प्रतिशत, साक्षी दुबे 84.17, सुमित गुप्ता 84.17 प्रतिशत, ज्योति प्रजापति 84.17 प्रतिशत और सुमित कुमार 81 प्रतिशत एवं दिब्या कश्यप 80 प्रतिशत प्राप्त प्रतिभाओं का परीक्षा परिणाम देखकर सरस्वती शिक्षा समिति के सदस्य, प्राचार्य, प्रधानाचार्य, अभिभावकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कक्षा 12वीं में ख़ुशी रानी ने 76.6 प्रतिशत, अंजू 76.6 प्रतिशत, उम्मेसिद्दकी 77.8 प्रतिशत, मुस्कान 74.6 प्रतिशत, अमन भास्कर और अंजलि भास्कर ने 66.6 प्रतिशतअंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया।

### स्कूल टॉपर बने देवेश, हासिल किया 84 फीसदी अंक



**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में संचालित विद्यालय का बोर्ड परीक्षा 10वीं में शत प्रतिशत परीक्षाफल रहा। वहीं 12वीं बोर्ड का परिणाम 97.5 प्रतिशत रहा। 10वीं में 23 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 19 प्रथम एवं 4 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। देवेश राठिया 84 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम रहे। नीरज पटेल 83 प्रतिश एवं स्नेहा राठिया का 81.5 प्रतिश रहा। 12वीं बोर्ड में नरसिंह प्रजापति कला संकाय 80.4 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान रहा। इसमें 40 विधार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें प्रथम श्रेणी 15, द्वितीय श्रेणी 20, तृतीय श्रेणी 4 एवं 1 छात्र असफल रहा इस प्रकार विद्यालय का परीक्षाफल 97.5 प्रतिशत रहा, विगत वर्षों से अच्छा परिणाम आने पर पूरे विद्यालय परिवार गौरवांवित है। प्रभारी प्राचार्य मनमोहन सिंह राठिया ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## प्रदूषण जांच को लेकर आरटीईओ के अधिकारी नहीं है गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कंडम और खटारा वाहनों का परिचालन हो रहा है। फिटनेस के पैमाने में फेन इन वाहनों के चलने से प्रदूषण बढ़ता है, जिनकी जांच को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है।

पटाखों से होने वाली प्रदूषण के चलते बीते कुछ वर्षों से दीपावली में आतिशबाजी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने समय निर्धारित कर दिया है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है सकता है कि न्यायपालिका प्रदूषण को लेकर जितनी संवेदनशील है। इसके विपरीत वाहनों के प्रदूषण की जांच को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारी बेपरवाह नजर आ रहे हैं। शहर में जिस स्थान पर आरटीईओ कार्यालय बनाया गया है, वहां भारी वाहनों का पहुंचना मुश्किल है। वाहन परिवहन के फिटनेस और प्रदूषण जांच को लेकर आरटीईओ विभाग बेपरवाह नजर आ रहा है। जिले में 14 वाहन प्रदूषण केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों में दिन भर में मुश्किल से आठ-दस वाहन ही प्रदूषण जांच कराने पहुंचते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिले के खनिज कांटे घर बिगड़े पड़े हैं। ऐसे में ट्रक चालक अपने वाहनों में ओवर लोड कोयला भर कर चल रहे हैं। भारी वाहनों के ओवर लोड होने वाहन अधिक पिकअप लेता है जिससे धुंआ भी अधिक मात्रा में निकलता है। भारी वाहन से प्रभावित कुआंभट्ठा, टीपी नगर, स्टेडियम रोड, सर्वमंगला, मुड़ापार से होकर निकलने वाले बायपास मार्ग में लोगों को जहरीली धुंए के साये में आवागमन करना पड़ता है। वाहन प्रदूषण जांच केंद्रों से सालभर के भीतर कितनी कार्रवाई की जाती है इसका भी रिकॉर्ड जिला परिवहन विभाग के पास नहीं है।

## श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा







अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने अग्रसेन गौ सेवा समिति के निर्देशक के पद पर इंदर अग्रवाल, रमेश गुप्ता, सतीश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष पद पर जयंत अग्रवाल, सचिव पद पर मुकेश बरेलिया व कोषाध्यक्ष पद पर राधेश्याम अग्रवाल को मनोनित किया गया। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष जयंत अग्रवाल के द्वारा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की सहमति से श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। जिसके संबंध में जानकारी देते हुए श्री अग्रवाल ने बताया कि उनकी समिति आगामी सत्र के लिए कार्य करेगी। जिसमें 5 उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, राजेश बसावतिया, सतीश अग्रवाल को मनोनित किया गया है। इसी तरह मोहन अग्रवाल को सह सचिव, राजेश अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष व देवाशीष केडिया को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। सेवा समिति के अध्यक्ष जयंत अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा गौ माता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने व गाय के गुणों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि समिति द्वारा एक गोपाल मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा नये कोटने का निर्माण, गौ माता की जगह को समतल कराना, लाईट पंखे लगवाना, हरे चारे की पैदावार बढ़ाना, गायों को उच्च क्वालिटी के आहार उपलब्ध कराना व गौ शाला को गौ धाम के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**खास बात**

- जयंत अध्यक्ष, मुकेश सचिव तो राधेश्याम बने कोषाध्यक्ष

# जान बचाने भाग रही महिला की दंतैल ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कच्चे घर को घेरकर तोड़फोड़ मचा रहे हाथियों से बचने के लिए भाग रही महिला को दंतैल ने अपनी सूंड में जकड़कर पटक दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के तत्काल बाद पहुंचे वनकर्मियों ने तत्काल महिला का शव बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रखवाया तथा पीएम उपरांत परिजन को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की। घटना शनिवार की रात वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत खड़गवां कला झिंगापारा की है। वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत सीमावर्ती सोखनिया जंगल में पिछले एक सप्ताह से 3 हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। हाथियों का दल दिन में खोखनिया जंगल में आराम करता है तथा रात में आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करता है। हाथियों द्वारा प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में तोड़फोड़ मचाने की संभावना पर वन विभाग लगातार मुनादी कर ग्रामीणों को सचेत कर रहा था। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीण भी सतर्कता बरत रहे थे। बीती रात 10 बजे हाथियों का दल खड़गवांकला झींगापारा बस्ती में पहुंचा विरांची देवी पति स्व.ननका राम (65वर्ष) के गन्ने के खेत में अपनी भूख मिटाने लगा। अपनी भूख मिटाने के बाद हाथी विरंची देवी के घर को घेरकर तोड़फोड़ मचाने लगे। हाथियों द्वारा घर में तोड़फोड़ करने की आवाज सुनकर विरांची देवी घबरा गई तथा अपनी जान बचाने के लिए घर से बाहर निकलकर बस्ती की ओर भागने लगी। महिला को भागते देख दल के दंतैल ने उसे अपने सुड़ में जकड़कर पटक दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान गांव में ही वनकर्मी व हाथी मित्र दल के सदस्य मौजूद थे। हाथियों की आहट पाकर वनकर्मी मृतिका के घर की ओर आ रहे थे। वनकर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने के पूर्व ही दंतैल महिला को मौत के घाट उतार चुका था। हाथियों के गांव में मौजूद होने की सूचना पर वन परिक्षेत्राधिकारी 10 मिनट बाद पहुंचे। परिक्षेत्राधिकारी शव को बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रखवाया तथा पीएम उपरांत मृतिका के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की।

**खास बात**

- घर में तोड़फोड़ करने से घबराई महिला भाग रही थी बस्ती की ओर

# छुट्टियों में यह समर कैंप रोचक और अनुकरणीय पहल है : शशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




समर कैंप में बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

सालभर किताबों में उलझे रहने के बाद आई गर्मी की छुट्टियों में कुछ नया सीखना बच्चों को अच्छा लगता है। खासकर खेल और म्यूजिक अधिकतर बच्चों के लिए रुचिकर होता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी की ओर से आयोजित समर कैंप एक अनुकरणीय पहल है।

उक्त बातें दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कोरबा में आयोजित 15 दिनों के समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि रहे अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, एनटीपीसी कोरबा शशि शेखर ने कही। उक्त समर कैंप का समापन 8 मई को किया गया। इस कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों के साथ गीत-संगीत और योग की प्राचीन कला में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में शामिल होकर सीखने वाले बच्चों ने भी समापन समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन कर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कैंप के अंतिम दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का भी आयोजन किया गया। यह कैंप 23 अप्रैल को प्रारंभ हुआ था, जिसमें 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कैंप में विद्यार्थियों को क्रिकेट, बास्केटबाल, टेबिल टेनिस, वॉलीबाल, शतरंज एवं एथलेटिक्स में प्रशिक्षण प्रदान किया। सांस्कृतिक विधाओं में बच्चों को शास्त्रीय गायन, वाद्य यंत्र, विभिन्न रागों एवं विभिन्न क्लासिकल नृत्य का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस विधा में विद्यार्थियों को सुधीन दास एवं दीपा तांडिया ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। समर कैंप के दौरान आयोजित योग की पाठशाला में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह एवं अनुशासन से भाग लिया। समर कैंप को सुचारू रूप से संचालित करने एवं प्रशिक्षण में डीपीएस एनटीपीसी के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, कोच तथा अभिभावकों का सतत सहयोग सराहनीय रहा। समापन समारोह के विशिष्ठ अतिथि रहे एनटीपीसी हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कोलहाटकर ने भी अपनी प्रेरक बातों से बच्चों प्रोत्साहित किया।

**खास बात**

- डीपीएस एनटीपीसी कोरबा में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

# एनटीपीसी कांति को एपेक्स इंडिया से सीएसआर उत्कृष्टता में मिला गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एनटीपीसी के अधिकारी को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

एनटीपीसी कांति को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसे एपेक्स इंडिया द्वारा सीएसआर उत्कृष्टता में प्रतिष्ठित गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 4 मई को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में एनटीपीसी कांति की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) संजय जयसवाल को प्रदान किया गया।

आसपास के ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट सीएसआर कार्यक्रम की मान्यता के लिए एनटीपीसी कांति को गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया। एनटीपीसी कांति बेकरी प्रशिक्षण, लाख चूड़ी प्रशिक्षण, मशरूम प्रशिक्षण, हनी मधुमक्खी प्रशिक्षण और कई अन्य पहलों के माध्यम से समुदाय को सशक्त बनाने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है, जिससे अब तक 5 सौ से अधिक महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। इसके अतिरिक्त, एनटीपीसी कांति ने शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की गतिशीलता और स्वतंत्रता को बढ़ाते हुए उन्हें लगभग 2 सौ ट्राइसाइकिलें वितरित की हैं। इसके अलावा, एनटीपीसी कांति ने हाजीपुर में 20 छात्रों को तकनीकी आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया है और एनटीपीसी कांति टाउनशिप के भीतर 40 स्कूली छात्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान की है। ये पहल एनटीपीसी कांति की सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हम अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से आसपास के गांवों में कितना प्रभाव डाल रहे हैं।

हम सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से न केवल ग्रामीणों को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि आसपास के गांवों में बुनियादी ढांचे में भी सुधार कर रहे हैं, एनटीपीसी कांति के परियोजना प्रमुख मधु एस ने कहा। एनटीपीसी कांति सीएसआर गतिविधियों के उच्चतम मानकों के आयोजन के लिए समर्पित है और आस-पास के गांवों और ग्रामीणों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ और प्रभावशाली नीतियों को लागू करना जारी रखेगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएचई अधिकारी...

को नहीं छोड़ा गया। मानिकपुर पुलिस के प्रयास पर देर रात शुभम को छोड़ना पड़ा, लेकिन इसके बाद तन्मय ने फोन कर संजय को धमकी दी और कहा कि उसके पिता को चौकी बुलाकर अच्छा नहीं किया। घटना से घबराकर संजय दोनों पुत्र के साथ कोरबा आ गए। घटना स्थल बैंगलोर होने पर पुलिस ने मामले में कार्यवाही नहीं की। संजय ने मामले का परिवाद लगा अपहरण व जान से मारने की धमकी देते हुए फिरौती की मांग का मामला दर्ज करने की मांग की। मामले में न्यायालय के आदेश पर धारा 347, 387, 120बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### महिला ने दिया...

के द्वारा बारिकी से जांच परीक्षण किया जा रहा है। संवेदनशील मामला होने के कारण अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक भी बच्चों की देखरेख में लगे हुए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने तीनों बच्चों को स्वस्थ्य बताया है। गर्मी को लेकर गंभीरता बरती जा रही है। घर घंटे बच्चों एवं उनकी मां का लगातार स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है ताकि किसी तरह की परेशानी होने पर तत्काल उपचार किया जा सके।

### अतिरिक्त कोच के...

बिलास-भोपाल एक्सप्रेस वह गाड़ियां भी फुल चलने के कारण कटनी रूट की ओर जाने वाली यात्रियों को मजबूरी में सड़क मार्ग से जाना पड़ रहा है। वैवाहिक मौसम होने के कारण यात्री गाड़ियों में तो सीट ही नहीं मिल रही है। वहीं चुनाव के बाद सड़क में आयी यात्री बसें भी फुल चलने लगी हैं।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

12 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 5/12/2024 11:42 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दूसरे की संस्कृति, खानपान, रहन सहन को समझने के उद्देश्य से राज्य, संघ राज्य क्षेत्र की जोड़ी की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों के लोगों के बीच बातचीत और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। राज्य भाषा सीखने, संस्कृति, परंपराओं और संगीत, पर्यटन और भोजन, खेल और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने आदि के क्षेत्रों में एक सतत और संरचित सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे की गतिविधियों का आयोजन करते हैं। इसी कड़ी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय एनटीपीसी कोरबा में की गई। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने कहा कि आज हमारी संस्कृति और विरासत को संजो कर रखने की जरूरत है, नई पीढ़ी को यह बतलाना है कि, हमने इतने महान देश में जन्म लिया। संचालन 12वीं के छात्र अक्षय पाठक ने किया, विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक लखन राम, अमित धिरते और संगीत शिक्षक अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्रीमती अर्चना खरे, श्रीमती संगीता रानी दास की उपस्थित रहीं। आभार व्यक्त प्रदर्शन अमित धीरते ने किया।

### परिवार नियोजन के लिए निजी अस्पतालों को करना होगा आवेदन

**कोरबा।** निजी अस्पताल, नर्सिंग होम द्वारा महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रम वर्ष 2024-25 के संचालन हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार नियोजन महिला एवं पुरुष कार्यक्रम के संचालन हेतु निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा मान्यता लेना आवश्यक है। इस वर्ष परिवार नियोजन कार्यक्रम संचालन हेतु इच्छुक निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालकों को आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में आवेदन करना होगा। साथ ही पूर्व में मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम को पुनः आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### नवीन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम हेतु समिति गठित

**कोरबा।** सड़क परिवहन और राजमार्ग, मंत्रालय द्वारा पूर्व में लागू की गई तोषण स्कीम 1989 के स्थान पर नवीन टक्कर मार भागना मोटर यान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है, जिसके तहत जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। गठित समिति अंतर्गत दावा निपटान आयुक्त हेतु जिला कलेक्टर अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। साथ ही सदस्यों में जिला पुलिस अधीक्षक, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट सड़क सुरक्षा पहलुओं से संसक्त लोक या स्वैच्छाया संगठन का कोई सदस्य, सदस्य सचिव के रूप में साधारण बीमा परिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट अधिकारी तथा दावा जांच अधिकारी के रूप में अनुविभागीय दण्डाधिकारी शामिल होंगे।

### हाइवा की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहे ग्रामीण को पीछे आ रहे हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। शहर से लगे ग्राम केपी बाबूपारा निवासी बंधु गिरी आ. स्व. पहटिया गिरी (75 वर्ष) शनिवार की शाम शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहा था। जैसे ही ग्राम हसूली के समीप पहुंचा तभी शहर की ओर से राजपुर की ओर जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीजे 4125 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## 3989 मेगावाट से बढ़कर 6148 मेगावाट तक पहुंची बिजली की डिमांड

# बीते पांच वर्षों में पिकआवर के दौरान बिजली की डिमांड में 35 फीसदी की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में पीक अवर यानी अधिकतम मांग अवधि में बिजली की खपत मे साल दर साल बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बात करें पिछले 5 सालों की तो प्रदेश में पिक आवर के दौरान बिजली की डिमांड में 2159 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2019-20 में जहां प्रदेश में बिजली की डिमांड 3989 मेगावाट रही जो वर्ष 2023-24 मे बढ़कर 6148 मेगावाट के करीब पहुंच रही है।

**खास बात**

- डिमांड को पूरा करने सेंट्रल सेक्टर का लेना पड़ रहा सहारा

उल्लेखनीय है कि बीते वित्तीय वर्ष में पीक अवर के दौरान बिजली की औसतन मांग 6148 मेगावाट रही। जो कि राज्य में यह अब तक की सर्वाधिक मांग थी। डिमांड के मुकाबले बिजली की उपलब्धता भी 6148 मेगावाट रही। लगातार बिजली की बढ़ती डिमांड विद्युत कंपनी प्रबंधन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। प्रदेश में बिजली की डिमांड में तो बढ़ोतरी हो रही है पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की क्षमता जस की तस बनी हुई है। कंपनी के एचटीपीपी, डीएसपीएम व मड़वा संयंत्र को मिलाकर कुल उत्पादन क्षमता 2840 मेगावाट है। हालांकि इकाईयो में आ रही तकनीकी खराबी की वजह से समय समय पर इसमें भी गिरावट दर्ज की जाती है। राज्य सरकार द्वारा नए संयंत्र को लेकर योजना तो बनाई गई पर अब तक एचटीपीपी संयंत्र परिसर में प्रस्तावित 1320 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र का निर्माण कार्य शुरु नहीं किया जा सका है। हालांकि संयंत्र के भूमिपूजन के बाद जनसुनवाई का भी आयोजन पूरा कर लिया गया है। बावजूद इसके संयंत्र निर्माण को लेकर कोई कवायद देखने को नहीं मिल रही है। यही वजह है कि प्रदेश में बढ़ती बिजली की डिमांड को पूरा करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से मिलने वाली बिजली का सहारा लेना पड़ रहा है। मांग व आपूर्ति में अंतर सामान्य बनी रहे इसके लिए मजबूरी में महंगे दरों मे बिजली खरीदनी पड़ रही है।



फाइल फोटो

**वर्षवार पीकअवर के दौरान विद्युत मांग के आंकड़े**

| वर्ष | डिमांड (मेगावाट में) |
|---|---|
| 2019- 20 | 3989 |
| 2020- 21 | 4682 |
| 2021- 22 | 5019 |
| 2022- 23 | 5399 |
| 2023- 24 | 6148 |

**प्रदेश में सबसे गर्म रहा कोरबा**

जिले का अधिकतम तापमान दो डिग्री बढक्रर 43.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इसी तरह रात के न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की वृद्धि हो गई। दिनभर धूप व बादल आते-जाते रहे। भले ही धूप थोड़ी कम लगी लेकिन उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार आगे भी मौसम के करवट लेने की संभावना है, जिससे कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने की संभावना है। बारिश होने की गतिविधियां भी बढने की संभावना है। एक साइक्लोन मध्यप्रदेश के ऊपर बना हुआ है, जो छत्तीसगढ़ के मौसम को परिवर्तित करेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह और शाम को बादल छाए रहने की संभावना है। प्रदेश में अभी सर्वाधिक तापमान कोरबा जिले में 43.3 डिग्री दर्ज हुआ है जबकि रायगढ़ 39.9 और बेमेतरा 39.6 डिग्री के साथ खूब तप रहे हैं। अन्य जिलों का अधिकतम तापमान फिलहाल 40 डिग्री के नीचे बना हुआ है।

# पुलिस ने चोरी के डीजल से भरा टैंकर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल की खदानों में डीजल चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खदानों की सुरक्षा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। वहीं प्रबंधन ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सूत्रों की माने तो डीजल चोरी की घटना खदान में लगातार हो रही है। उसके बाद भी ऐसे मामलों में प्रबन्धन सख्त कदम उठाने में असमर्थ नजर आ रहा है। खदान में गाड़ियों के घूसने का कोई अलग से रास्ता नही है। फिर गाड़यिा खदान में किस स्थान से जा रही है और किस रास्ते से चोरी के डीजल को ले जाने वाली गाड़यिां बाहर आ रही है। इस पूरे खेल में कोई न कोई अधिकारी की मिलीभगत है जिसके कारण चोर अपनी गाड़यिों को लेकर खदान में पहुंच रहे है और चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद खदान से बाहर भी आ रहे है जबकि आम आदमी अपनी चारपहिया वाहन को लेकर खदान के अंदर नही जा पा रहा है। उसके लिए परमिशन की आवश्कता होती है ऐसे में चोर अपनी गाड़यिों को लेकर खदान में बिना किसी परेशानी के घुस रहे है। खदान के भीतर मौजूद भारी वाहनों से बड़े पैमाने पर डीजल की चोरी शुरू हो गई है, जिसका ताजा उदाहरण रविवार की दोपहर देखने को मिला जहां त्रिपुरा रायफल्स, विभागीय सुरक्षाकर्मी और कुसमुंडा पुलिस की टीम ने कुसमुंड़ा खदान के भीतर डीजल से भरा टैंकरा पकड़ा। हालांकि टैंकर चालक और उसमें सवार लोग मौके से भाग खड़े हुए। डीजल में सैकड़ों लीटर डीजल पाया गया है। कहीं न कहीं डीजल चोर आदर्श चुनाव आचार संहिता के बीच अपने मंसूबों को कामयाब करने में लगे हैं लेकिन इस मामले में सबसे बड़ा सवाल ये है कि कड़ी सुरक्षा के बीच डीजल टैंकर खदान के भीतर घुसा कैसे। इस मामले में कहीं न कहीं विभागीय अधिकारियों का हाथ हो सकता है। डीजल चोरी को रोकने एसपी ने काफी कड़ाई कर दी है, बावजूद इसके डीजल चोरी कई सवालों को जन्म दे रही है।

# सड़क निर्माण अधूरा, राहगीरों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से कुसमुंडा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर फोरलेन बनाने का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। संबंधित ठेकेदार निर्माण कार्य को मंद गति से कर रहा है। सड़क पर बीच-बीच में कई जगह निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। छूटे मार्ग पर भारी वाहनों के चलने से धूल तो उड़ ही रहा है, इसके कारण इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। कई बार उड़ती धूल के कारण सामने से आ रही वाहनों पर पता भी नहीं चलता और उससे टकराने के कारण दुर्घटना भी घटित हो जाती है।

निर्माणाधीन कुसमुंडा मार्ग में 24 घंटे कोयला लोड भारी वाहनों का दबाव रहता है। सड़क पर गाड़ियां तेज रफ्तार में दौड़ रही है। गाड़ियों की कोल डस्ट सड़क पर गिर रही है। वहीं हाल ही में मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर मिट्टी डाला गया है। इसे भी व्यवस्थित नहीं किया गया है। मिट्टी के धूल सड़क पर जम गई है। इस बीच भारी वाहनों के तेज रफ्तार में दौड़ने से धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे भारी वाहनों के पीछे आ रहे दो पहिया, ऑटो, चार पहिया, बस, सिटी बस सहित अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। सबसे अधिक दिक्कतें दो पहिया वाहनों को हो रही है। आंखों पर धूल के कण जाने से परेशानी हो रही है। चौक-चौराहे की जर्जर सड़क और धूल की वजह से कई बार चालक वाहन का नियंत्रण संभाल नहीं पाते। इस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन न तो सड़क की सफाई पर ध्यान दे रहे हैं और पानी छिड़काव पर गंभीरता दिखाई जा रही है। जबकि इस मार्ग से बरमपुर, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार सहित अन्य उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र से लोग देर रात तक आवाजाही करते हैं।



**एक्सीडेंटल जोन साबित हो सड़क**

कुछ दिन पहले ही सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर दो हादसे हुए। इस दौरान भारी वाहन चालकों को चोंटे आई है। इस तरह की दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है। निर्माणाधीन सड़क मार्ग पर सर्वमंगला चौक, बरमपुर चौक और कसुमुडा चौक के पास निर्मित सड़क और जर्जर सड़क की ऊंचाई अधिक है। इस कारण कई बार वाहनों के पहिए सड़क पर फंस जाते है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### सर्पदंश से बिगड़ी युवक की हालत, अस्पताल में मौत

**कोरबा।** खाना खाने के बाद दोस्तों के साथ गली में बैठकर बातचीत कर रहे एक युवक को सांप ने डस लिया। उसे इसकी भनक नहीं लगी। थोड़ी देर बाद युवक की हालत खराब होने लगी। उसे आनन-फानन में पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक ने दम तोड़ दिया। घटना बांगो थाना क्षेत्र के लोड़ीबहरा की है। गांव में रहने वाला संतोष कुमार रात भोजन करने के बाद दोस्तों के साथ गांव की गली में बैठकर बातचीत कर रहा था। इस बीच उसे किसी जीव ने पीछे से काट लिया। संतोष को लगा कि उसे किसी जहरीले जीव ने काट लिया है। उसने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। थोड़ी देर बाद संतोष की हालत खराब होने लगी। उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। तब परिवार के सदस्यों को सर्पदंश की जानकारी मिली। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। दूसरे मामले में व्यस्त होने के कारण डॉयल 112 की टीम मौके पर नहीं पहुंची। घंटे भर इंतजार के बाद ग्रामीण संतोष बाइक पर बैठाकर पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचे। तब तक उसकी सांसे थमने लगी थी। इलाज के दौरान संतोष ने दम तोड़ दिया। डॉक्टर ने बताया कि जिस समय संतोष को अस्पताल लाया गया था। सांप का जहर उसके शरीर में फैल चुका था।

# सीजी बोर्ड रिजल्ट के बाद छात्र अब महाविद्यालय में प्रवेश की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया 15 जून से शुरू होगी, किंतु सीजी रिजल्ट घोषित होने के बाद महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर एक बार फिर मारा-मारी मचने की स्थिति निर्मित होगी। बीते चार वर्ष से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा स्नातक स्तर में सीटों की संख्या को नहीं बढ़ाने के कारण अब फिर से बीते वर्ष जैसी स्थिति निर्मित होगी। हायर सेकेंडरी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या बीते वर्ष से अधिक है।

जिले में 12 शासकीय अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयों में कई संकाय अभी भी शुरू नहीं हुए हैं, तो वही कुछ कॉलेजों में संकाय तो शुरू किए गए हैं, लेकिन छात्र नहीं मिल रहे हैं। प्रवेश को लेकर सर्वाधिक आवेदन पीजी कॉलेज व मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में पहुंचते हैं। बीते वर्ष सितंबर महीने तक प्रवेश की प्रक्रिया चली थी। पीजी कॉलेज में जिन प्रोफेसनल कोर्स का संचालन शुरू किया गया है उनमें भी अधिक आवेदन आने की वजह से मेरिट सूची के अंक ऊपर रहते हैं। पूर्व में स्नातक स्तर की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर तकनीकी दिक्कतें सामने आती थी, लेकिन जैसे जैसे प्रोफेसनल कोर्स की डिमांड बढ़ने लगी वैसे-वैसे प्रोफेसनल कोर्स में भी प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। यही स्थिति केएन कॉलेज व मिनी माता गर्ल्स कॉलेज कटघोरा के मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय में भी है। इनके अलावा करतला, भैसमा, पाली व जटका, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार में भी कॉलेज संचालित है। प्रवेश को लेकर पिछले वर्ष से इन कॉलेजों में भी आवेदन पहुंचने लगे हैं। बांकीमोंगरा महाविद्यालय में सभी संकाय की सीटें प्रथम वर्ष से ही फुल चल रही हैं।



फाइल फोटो

**शहर में एक और कॉलेज की दरकार**

औद्योगिक शहर में तीन शासकीय कॉलेज संचालित हैं। जिनमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज है, शेष मिनीमाता व पीजी कॉलेज हिंदी माध्यम है। प्रवेश को लेकर इन दोनों कॉलेजों के सभी संकाय में मेरिट सूची में कटअप मार्क अधिक होने के कारण प्रवेश कई छात्रों को नहीं मिल पाता। ऐसे में शहर में एक और शासकीय कॉलेज की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि लगातार छात्रों की संख्या बढ़ने के कारण प्रवेश मिल सके। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल में चलने वाले शासकीय महाविद्यालयों में सभी तरह के संकाय शुरू करने की आवश्यकता है ताकि शहर के कॉलेजों में भीड़ कम हो सके।

# नर्सेज डे पर बीएमएस ने अस्पताल की परिचायिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों द्वारा समाज में किए जाने वाले योगदान को चिह्नित करने के लिए यह मनाया जाता है गेवरा दीपका क्षेत्र में अस्पतालों में जाकर बीएमएस संगठन ने कार्यक्रम आयोजित कर अस्पताल स्टाफ का सम्मान किया।

दीपका क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय परिचारिका दिवस के अवसर पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा प्रगति नगर डिस्पेंसरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका के सभी स्टाफ नर्स बहनों को अंग वस्त्र, गुलाब फूल व मिष्ठान वितरण कर सम्मान किया गया। संगठन के अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा ने बताया कि नर्सेस के योगदान को याद करने और उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए नर्सेस डे मनाया जाता है। अस्पताल की परिचयिका सेवा के रूप में जानी जाती है जिसके लिए सम्मान के हकदार है। कार्यक्रम में श्यामल दास लक्ष्मण चंद्रा, रमेश गुरुद्वान, मनोज सिंह, संजय पांडे, बनवारी लाल चंद्रा, शिव शंकर शुक्ला, संदीप मानिकपुरी, डालचंद सोनी, सरजू रत्नाकर, संतोष पटेल, अनिल सिंह मनोज दास और लक्ष्मी देवांगन समेत संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



नर्सों को पुरस्कृत करते बीएमएस के पदाधिकारी।

### गरीमा ने कक्षा 10वीं में 91 प्रतिशत प्राप्त कर बढ़ाया मान



**कटघोरा।** गरिमा इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा कल्पना कुर्रे ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं में 91.66 प्रतिशत हासिल कर स्कूल व अपने परिवार का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए कल्पना ने अपने माता पिता एवं गुरुजनों का आभार माना है जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस मुकाम को हासिल कर पाई है।




# बालको ने लक्ष्य से 5 लाख टन एल्यूमिनियम अधिक किया उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के उत्पादन में उछाल आया है। बालको ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5 लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया है। जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 5 लाख 69 हजार टन था।

जिले में स्थित बालको संयंत्र की अधिकृत उत्पादन क्षमता 5 लाख 70 हजार टन सालाना है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 5 लाख 82 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया था। कंपनी ने लक्ष्य से अधिक पांच लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम का उत्पादन दर्ज किया। यहां बताना होगा कि बालको में स्मेल्टर संयंत्र के विस्तार परियोजना का काम चल रहा है। आने वाले समय में बालको की एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता बढ़कर 10 लाख टन सालाना से अधिक हो जाएगी। 12 सौ एवं 540 मेगावाट क्षमता वाला विद्युत संयंत्र भी प्रचालन में है। वेदांता समूह का ओडिशा के झारसुगड़ा में 18 लाख टन एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता वाला स्मेल्टर संयंत्र स्थित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस संयंत्र से 17 लाख 81 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया गया है। जबकि 2022-23 में 17 लाख 22 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन हुआ था। वेदांता का लांजीगढ़ में 2 मिलियन टन क्षमता वाला एल्यूमिना रिफाइनरी संयंत्र प्रचालन में हैं। इस संयंत्र से बालको एवं झारसुगड़ा के स्मेल्टर संयंत्र को एल्यूमिना पाउडर की आपूर्ति होती है। देश के एल्यूमिनियम उत्पादन में वेदांता समूह की 56.83 फीसदी की हिस्सदारी है। वेदांता के अलावा पब्लिक सेक्टर के नालको (4.60 लाख टन) एवं निजी कंपनी हिंडाल्को (13.40 लाख टन) द्वारा एल्यूमिनियम उत्पादन किया जाता है।



फाइल फोटो

